**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## पुरूष वर्ग में बीकेस व महिला वर्ग में गगन बने बैडमिंटन सिंगल्स चैम्पियन
## पुरूषों के डबल्स में अमित व वीरेन्द्र की जोड़ी रही विजेता
## महिलाओं के डबल्स में गगन व रश्मि की जोड़ी चैम्पियन
## स्टाफ स्पोर्ट्स बैडमिंटन प्रतियोगिता

पंतनगर। 09 जून 2023। विश्वविद्यालय के स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन स्टीवेंसन स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में किया गया, जिसमें पुरूषों के सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में बीकेस कुमार ने अमित जोशी को सीधे सेटों में 21–5 व 21–19 से हरा दिया। जबकि महिला सिगल्स में गगन दीक्षित ने लवदीप शर्मा को एक तरफा मुकाबले में 21–4 व 21–2 से हराकर चैम्पियनशिप अपने नाम की। पुरूषों के डबल्स मुकाबले में अमित जोशी व डा. वीरेन्द्र सिंह की जोड़ी ने बीकेस कुमार व वीके मिश्रा की जोड़ी को सीधे सेटों में 21–18 व 21–12 से हरा दिया। जबकि महिलाओं के डबल्स मुकाबले में गगन दीक्षित व रश्मि तिवारी की जोड़ी ने अंकिता थपलियाल व रजनी मौर्या की जोड़ी को 21–14 व 21–11 से हरा कर प्रतियोगिता में अजेय होने का रिकार्ड दर्ज किया। प्रतियोगिता के संयोजक योगेश पंत ने प्रतियोगिता का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सभी विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह व अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. संदीप अरोरा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. बृजेश सिंह ने सभी विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब को प्रतियोगिताओं के सफल संचालन के लिए प्रोत्साहित किया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव प्रभाकर जोशी ने दिया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी, सह निदेशक डा. भाष्कर तिवारी, एचएस पपोला, डा. संदीप कुमार, सुदीश राय, प्रभाकर जोशी, डा. पटेल, भूपेश जोशी, अशोक कुमार व भगवती आदि की विशेष भूमिका रही। निर्णायक की भूमिका में विप्पी रहे।



*बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह व अधिष्ठाता सीबीएसएच डा. संदीप अरोरा व अन्य।*

**निदेशक संचार**